इन्दिरा गांधी नहर परियोजना का पूरा किया जाना

*129. **श्री भंवर लाल पंवार :** क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान की इन्दिरा गांधी नहर परियोजना को इसके प्रारंभ (1968) से लेकर अब तक केन्द्र द्वारा कितनी धनराशि उपलब्ध करायी गयी है ;

(ख) इस परियोजना को पूरा करने के लिये क्या समय सीमा निर्धारित की गई थी और इस योजना को अभी तक पूरा न किये जाने के क्या कारण हैं ;

(ग) क्या केन्द्रीय सरकार इस योजना को यथाशीघ्र पूरा करने के लिये और अधिक धनराशि सुलभ करायेगी ; और

(घ) इस परियोजना के संबंध में विश्व बैंक से चाही गयी ऋण धनराशि के संबंध में कितनी प्रगति हुई है, इसके लिये कितनी धनराशि प्राप्त होने की संभावना है और कब तक ?

विधि और न्याय मंत्री तथा जल-संसाधन मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) केन्द्रीय सरकार द्वारा इस परियोजना को अब तक दी गयी राशि निम्न प्रकार है :—

(i) अग्रिम योजना सहायता— 45 करोड़ रुपए

(ii) सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम— 15 करोड़ रुपए

(iii) इन्दिरा गांधी नहर परियोजना सहित कुल मिलाकर राज्य के लिये कमान क्षेत्र विकास कार्यक्रम—74.20 करोड़ रुपये

इसके अलावा, वर्ष 1987-88 और 1988-89 के दौरान उपयोग किये जाने के लिए सूखा सहायता के अन्तर्गत इस परियोजना के लिये 20 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गयी है ।

(ख) परियोजना का चरण-I पूरा हो गया है । परियोजना के चरण-II की मुख्य नहर भी पूरी हो गयी है । चरण-II की वितरण प्रणाली को अपेक्षित निधियों के उपलब्ध होने पर आठवीं पंचवर्षीय योजना के अन्त तक पूरा किये जाने की परिकल्पना है ।

(ग) यह परियोजना राज्य योजना के अन्तर्गत कार्यान्वित की जा रही है । जिसके लिये ब्लाक अनुदान तथा ऋण केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रदान किये जाते हैं । तथापि, परियोजना को शीघ्र पूरा करने के लिये अतिरिक्त संसाधन जुटाने हेतु सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के तहत वर्ष 1988-89 में 21 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है । इसके अलावा, यह भी निर्णय किया गया है कि परियोजना के चरण-II के कृषि योग्य कमान क्षेत्र में जल भागों, जिनके लिये मार्च, 1988 तक सिंचाई क्षमता सृजित की गयी है, को कमान क्षेत्र विकास कार्यक्रम में शामिल किया जायेगा जिसके लिये बराबर-बराबर आधार पर केन्द्रीय सहायता अनुज्ञेय है ।

(घ) राज्य सरकार ने परियोजना के चरण-II के लिये वा सहायता का प्रस्ताव किया है और वह परियोजना के ब्यौरे तैयार कर रही है ।

Indian prisoners handed over by Pakistan

*130. SHRI SHARAD YADAV.

SHRI RAM AWADHESH SINGH:

Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state;

(a) what is the number of Indian prisoners handed over by Pakistan at Wagah border in March, 1988;

(b) the number out of these prisoners who were found mentally unsound, sick and physical wrecks due to the inhuman treatment in Pakistani jails; and